इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 9001 : 2015 : 2015, 22000 : 2005 & 14001 Certified Organisation
GSTIN - 23AAAJI0016N1ZK
शुद्धता का संकल्प
चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स /Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

# श्वेत मक्खन भण्डारण के लिए कोल्ड स्टोरेज किराये पर लेने हेतु ई-निविदा प्रपत्र

## निविदा खुलने की दिनांक–25.03.2023, दोपहर 03 बजे

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर
चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर(म.प्र.)
E-mail : isdsm_gmpo@rediffmail.com

ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. **1000** (रूपये एक हजार मात्र)

महाप्रबंधक (सं.सं.) सहा.महा.(एम.आई.एस) उपमहाप्रबंधक (गु.नि.)

उपमहा.(उत्पादन) प्रबंधक(वित्त) प्रबंधक (क्रय) प्रभारी (एफ.पी.स्टोर)

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 9001 : 2015 : 2015, 22000 : 2005 & 14001 Certified Organisation
GSTIN - 23AAAJI0016N1ZK
शुद्धता का संकल्प
चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स /Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

## !! श्वेत मक्खन भण्डारण हेतु ई-निविदा सूचना !!

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ, इन्दौर द्वारा लगभग 300 से 500 मेट्रिक टन श्वेत मक्खन $-18^0C$ पर भण्डारण हेतु, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या. इन्दौर से अधिकतम 20 किलो मीटर (एक तरफ से) की दूरी मे स्थित डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर मालिकों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य ऑनलाइन जमा कर मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.mptenders.gov.in) से क्रय की जा सकती है। ई–निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट (www.sanchidairy.com) पर देखा एवं पढ़ा जा सकता है। निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम दिनांक 24.03.2023 समय दोपहर 01:00 बजे तक है।

| क्रमांक | विवरण | अनुमानित मात्रा | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र क्रय राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्वेत मक्खन (White Butter) भण्डारण हेतु कोल्ड स्टोर किराये पर लेने हेतु | 300 से 500 मेट्रिक टन | रू. 1,50,000 (रू. एक लाख पचास हजार मात्र) | रू. 1000 (रू. एक हजार मात्र) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या. इन्दौर

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 9001 : 2015 : 2015, 22000 : 2005 & 14001 Certified Organisation
GSTIN - 23AAAJI0016N1ZK

शुद्धता का संकल्प

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535


## !! निविदा प्रपत्र !!

## निविदा कार्य - श्वेत मक्खन भंडारण के लिए कोल्ड स्टोर किराये पर लेने हेतु ई-निविदा।

| | | |
|---|---|---|
| | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 1000/– (अक्षरी– रूपये एक हजार मात्र) |
| 1. | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांकः 24.03.2023 दोपहर 01:00 बजे तक (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 2. | ई–निविदा प्रपत्र भरने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांकः 24.03.2023 दोपहर 01:00 बजे तक (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 3. | ई–निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांकः 25.03.2023 दोपहर 03:00 बजे (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 4. | ई–निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर (म.प्र.) 453771 |
| 5. | निविदा प्रस्तुतीकरण | निविदा प्रस्तुतीकरण केवल ऑन–लाईन (Online) ही किया जाना है। |
| 6. | पत्र व्यवहार हेतु पता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर (म.प्र.) 453771 |
| 7. | अमानत राशि | निविदाकार को ई–निविदा पोर्टल के माध्यम से अमानत राशि रुपये 1,50,000 (एक लाख पचास हजार रुपये मात्र) आनलाईन जमा करना अनिवार्य है। बिना अमानत राशि के निविदा अमान्य होगी। अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। पूर्व जमा अमानत राशि को मान्य नही किया जावेगा। |
| 8. | संलग्न प्रपत्र | 01– परिशिष्ट– (अ), सामान्य नियम एवं शर्त<br>02– परिशिष्ट– (ब), तकनीकी अर्हताए। (आवश्यक रूप से प्रत्येक निविदाकर्त्ता को भरना हैं।)<br>03– परिशिष्ट– (स), दर प्रपत्र। |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 9001 : 2015 : 2015, 22000 : 2005 & 14001 Certified Organisation
GSTIN - 23AAAJI0016N1ZK
चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

# परिशिष्ट – (अ)
# नियम एवं शर्तें

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर मालिकों से ई–निविदा में दिये गये स्पेसिफिकेशन अनुसार श्वेत मक्खन भंडारण हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है। किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर के पास सुरक्षित रहेगा, जिसके संबंध में निविदाकारों को कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जावेगा।

## 1.0 निविदा प्रस्तुतीकरण

1.1 निविदायें निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित दिनांक एवं समय पर अथवा समय के पूर्व ऑनलाइन प्रस्तुत की जाना होगी।

1.2 हस्ताक्षरकर्ता को यह स्पष्ट करना होगा कि वह :–

(अ) फर्म का प्रोप्राइटर है अथवा फर्म के प्रोप्राइटर का अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता है।

(ब) यदि पार्टनरशिप फर्म है ओर पार्टनर की हैसियत से हस्ताक्षर किये गये हैं, तो ऐसा किये जाने हेतु उसे अधिकार पत्र अथवा पार्टनरशिप deed में इसका उल्लेख किया गया हो।

1.3 निविदाकार को स्पष्ट रुप से निविदा प्रपत्र में पता, ई–मेल, दूरभाष नं., मोबाईल नं. एवं ईमेल आईडी दी जानी होगी। यदि पते में कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना तुरंत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, को दिया जाना होगा, ताकि परिवर्तित पते पर पत्राचार किया जा सकें।

## 2.0 अमानत राशि

2.1 निविदाकार को ई–निविदा पोर्टल के माध्यम से अमानत राशि रुपये 1,50,000 (एक लाख पचास हजार रुपये मात्र) आनलाईन जमा करना अनिवार्य है। बिना अमानत राशि के निविदा अमान्य होगी। अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। पूर्व जमा अमानत राशि को मान्य नही किया जावेगा।

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

2.2 द्वितीय न्यूनतम दर निविदाकर्त्ता की अमानत राशि प्रथम न्यूनतम दर निविदाकर्त्ता द्वारा कार्य प्रारंभ करने की दिनांक से 30 कार्य दिवस उपरांत एवं असफल निविदाकर्त्ताओं की अमानत राशि निविदा खोलने की दिनांक से 90 कार्य दिवस में वापस की जायेगी। जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

2.3 निविदा स्वीकृत होने पर सफल निविदाकार/फर्म को इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के साथ रू. 1000/– के नॅानज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कराकर अनुबंध करना होगा।

## 3.0 सुरक्षा राशि

3.1 दर स्वीकत होने के पश्चात निविदाकार को अनुबंध के पूर्व रू. 5,00,000/–(रू. पाँच लाख मात्र) डी.डी./चेक के माध्यम से सुरक्षा राशि के रूप मे निविदाकार को इन्दौर दुग्ध संघ मे जमा कराना होगी। सुरक्षा राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।

## 4.0 दर :–

4.1 दर केवल आन लाईन ही भरी जाना है।

4.2 निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दर स्पष्ट एवं बाजार दर में परिवर्तन से परे होना चाहिये।

4.3 निविदा में दर प्रस्तुत करते समय यह स्पष्ट किया जाना होगा कि उक्त दरें समस्त करों सहित है।

## 5.0 भंडारण (तापक्रम भंडारण तथा निरीक्षण)

5.1 डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर में मक्खन का भंडारण $-18^{0}$C सेंटीग्रेड पर ठंडा किया जाना होगा। परिसर में मक्खन का भंडारण तथा डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर की पर्याप्त स्वच्छता बरतनी होगी। मक्खन के भंडारण के पूर्व कोल्ड स्टोर को फ्यूमिगेट किया जाना अनिवार्य होगा, जिसके परीक्षण हेतु गुणनियंत्रण को सुचित करने पर एयर काउन्ट सेम्पल लिये जायेगे।

5.2 मक्खन को स्वच्छ प्लास्टिक के पेलेट्स पर भंडारण किया जाना होगा।

5.3 कोल्ड स्टोरेज के मालिको के पास पर्याप्त मात्रा मे हम्माल होने चाहिये, जिससे वह श्वेत मक्खन की लोडिंग/अनलोडिंग समय पर कर सके।

5.4 डीपफ्रीज चेंबर का तापक्रम $-18^{0}$C या इससे कम निश्चित रुप से होना चाहिये।

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

5.5 यदि संघ के अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मक्खन का तापमान $-18^0C$ नही पाया जाता है तो इसका पंचनामा बनाया जायेगा। यदि श्वेत मक्खन को स्थानांतरित करने के एक सप्ताह के बाद तापमान की जाँच करने पर यह $-18^0C$ नही पाया जाता है तो 0.10 रू. प्रति किलो प्रति माह का जुर्माना लगाया जावेगा। कोल्ड स्टोरेज के मालिक को निरीक्षण के एक सप्ताह के अंदर श्वेत मक्खन के तापमान को $-18^0C$ तक लाना होगा। एक सप्ताह के बाद पुनः यदि उसी कक्ष के भण्डारित मक्खन का तापमान $-18^0C$ नही पाया जाता है तो 0.25 रू. प्रति किलो प्रति माह की दर से जुर्माना लगाया जावेगा तथा मक्खन के समस्त स्टॉक को स्थानांतरित कर दिया जायेगा तथा इसमे होने वाले व्यय की वसूली कोल्ड स्टोरेज के मालिक के लंबित देयकों से की जायेगी।

5.6 इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के प्रतिनिधियों को यह अधिकार होगा कि वे बिना किसी पूर्व सूचना के कोल्ड स्टोर/डीपफ्रीज का निरीक्षण कर सकें। निरीक्षण हेतु आवश्यक सुविधा तत्काल उपलब्ध कराना होगी।

5.7 मक्खन का भंडारण इस प्रकार किया जाना होगा कि मक्खन के बक्सों की पंक्तियों के बीच ठंडी हवा आ जा सके तथा चाहे गये बेच के मक्खन का नमूना सुविधापूर्ण ढंग से किया जा सके।

5.8 इन्दौर दुग्ध संघ के प्रतिनिधि जो कोल्ड स्टोरेज मे निरिक्षण के लिये आते है, तो कोल्ड स्टोरेज के प्रतिनिधि को उनका सहयोग करना आवश्यक है।

5.9 मक्खन की स्टेकिंग की ऊँचाई डीपफ्रीज चेंबर में 11 बक्सों की ऊँचाई से अधिक नही होना चाहिये ।

5.10 श्वेत मक्खन का भंडारण FIFO पद्वति अनुसार किया जाना आवश्यक है।

5.11 दुग्ध संघ से प्राप्त श्वेत मक्खन को प्रत्येक चेम्बर मे कुल भण्डारित मात्रा बैंच नं. ,उत्पादन माह एवं उत्पादन दिंनाक के आधार पर एक ही स्थान पर भण्डारण किया जाना आवश्यक है। जिससे पारदर्शिता बनी रहे, एवं उक्त जानकारी संबंधित शाखा (एफ.पी. स्टोर)/गुणनियंत्र शाखा को प्रदाय करे।

5.12 यदि संघ के अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान श्वेत मक्खन को चेम्बर मे बैंच नं.,उत्पादन माह एवं उत्पादन दिंनाक के आधार पर भण्डारण नही पाया गया तो प्रति प्रकरण रू.5000/- की पेनल्टी लागायी जावेगी।

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)

दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132

फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com

Toll Free No. 18002332535


5.13 चेम्बर मे इन्दौर दुग्ध संघ के श्वेत मक्खन के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री का भण्डारण नही होना चाहिये, यदि निरीक्षण के समय श्वेत मक्खन के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री चेम्बर मे पाई जाती है, तो रू. 2000/–(रू. दो हजार) की पेनल्टी लगाई जावेगी। तथा भण्डारण कर्ता को अन्य सामग्री तत्काल चेम्बर से हटानी होगी।

5.14 मक्खन भण्डारण हेतु (FSSAI) एवं अन्य वैधानिक लायसेंस सफल निविदाकार को लिया जाना अनिवार्य होगा।

5.15 निविदाकार के पास शासन द्वारा शीतग्रह संचालन हेतु अनिवार्य समस्त दस्तावेज एवं अन्य दस्तावेज होना अनिवार्य होगा।

## 6.0 बीमा

6.1 भण्डारित श्वेत मक्खन का अग्नि एवं चोरी (Fire & Thieft) बीमा इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा स्वयं के व्यय पर किया जावेगा।

6.2 दुग्ध संघ से प्रदाय श्वेत मक्खन प्राप्त करते समय एवं प्रदाय करते समय आपकी पूर्ण जवाबदारी रहेगी।

## 7.0 भुगतान

7.1 सफल निविदाकर्ता द्वारा अनुमोदित दर से मासिक देयक प्रत्येक माह के अंत में प्रस्तुत किये जायेंगे ।

7.2 सफल निविदाकार द्वारा स्वीकृत दर से माह की 10, 20 एवं अंतिम दिनांक 30/31 मे भण्डारित श्वेत मक्खन (Stock) के आधार पर मासिक देयक प्रस्तुत किये जायेंगे।

7.3 भुगतान देयक प्रस्तुत करने के 15 दिवस मे किया जावेगा।

## 8.0 सामान्य नियम एवं शर्ते

8.1 निविदाकार के पास शीतगृह मे मक्खन शीतलीकरण हेतु न्युनतम 300 मी.टन की क्षमता होना आवश्यक है।

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स /Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

8.2 प्रथमतः उक्त अनुबंध अवधि तीन वर्ष हेतु रहेगी किंतु आपसी सहमति से अनुबंध की अवधि को अधिकतम एक–एक कर आगामी दो वर्ष तक समान दर एवं शर्त पर कार्यकाल बढाया जा सकेगा।

8.3 अनुबंध अवधि समाप्त हो जाने पर तीन माह तक भण्डारण अवधि समान दर एवं शर्तो पर बढाने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या. को होगा तथा भण्डारण कर्ता भण्डारण के लिये बाध्य होगा।

8.4 अपूर्ण पता अथवा पहचान के कारण निरस्त हुई निविदाओं की जवाबदारी दुग्ध संघ की नहीं होगी। समयावधि में प्राप्त निविदाओं पर ही विचार किया जावेगा।

8.5 निविदा खुल जाने के पश्चात् निविदाकार को निविदा/दर भरने में हुई गलती के कारण निविदा वापस लेने का अधिकार नहीं होगा, एवं अमानत राशि जब्त की जावेगी।

8.6 एक फर्म द्वारा केवल एक ही निविदा प्रस्तुत की जावे।

8.7 एक फर्म द्वारा एक से अधिक अलग अलग नामों से प्रस्तुत निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेगी ।

8.8 निविदाकार संपूर्ण निविदा का कार्य या आंशिक भाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर की लिखित अनुमति के बिना किसी दूसरी पार्टी को हस्तांतरित नहीं कर सकेगा।

8.9 उच्च तापक्रम पर मक्खन के भंडारण के कारण मक्खन की गुणवत्ता, अधिक एफ.एफ. ए., ईस्ट एवं मोल्ड बढ़ने की संपूर्ण जवाबदारी कोल्ड स्टोर मालिक की होगी। इस प्रकार हुई संपूर्ण हानि की वसूली डीपफ्रीज मालिक से मक्खन की तत्कालीन बाजार दर से की जावेगी एवं यह उस पर बंधनकारी होगा।

8.10 निविदा भरते समय निविदाकार को उसकी कोल्ड स्टोर/डीपफ्रीज संबंधी समस्त गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करनी होगी ।

8.11 भण्डारण के दौरान यदि श्वेत मक्खन की मात्रा में कमी होती है तो उक्त मात्रा का तत्कालीन दर से कटौत्रा किया जावेगा।

8.12 श्वेत मक्खन का भण्डारण संयंत्र में मक्खन की अतिशेष मात्रा अनुसार किया जावेगा। एवं वापसी संघ की आवश्यकतानुसार की जावेगी।

8.13 मक्खन का परिवहन संघ द्वारा किया जावेगा तथा इसकी लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य निविदाकार द्वारा किया जावेगा।

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535


8.14 निविदाकर्ताओ द्वारा प्रस्तुत की गई दरे यदि एक समान पाई जाती है तो लाटरी सिस्टम से निर्णय लिया जावेगा।

8.15 निविदा प्रपत्रो मे वर्णित शर्तो के अतिरिक्त निविदाकार की ओर से उल्लेखित कोई भी शर्त मान्य नही की जावेगी। सशर्त निविदाये अमान्य की जावेगी।

8.16 सफल निविदाकार को कार्यादेश दिये जाने के पूर्व दुग्ध संघ की समिति द्वारा कोल्ड स्टोरेज की क्षमता,मशीनरी की कार्यकुशलता आदि का निरीक्षण करने के पश्चात ही निर्णय लिया जावेगा।

## 9.0 अनुबंध का निरस्तीकरण

9.1 मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ इन्दौर को यह अधिकार होगा कि वह इस अनुबंध को अपने स्वयं के निर्णय से बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर सके जिसके लिये कोल्ड स्टोर मालिक किसी तरह आपत्ति नहीं उठा सकेगा।

## 10.0 विवाद की स्थिति का निराकरण

10.1 निविदाकार के मक्खन समुचित रुप से ठंडा नहीं कर पाने की स्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर का निर्णय अंतिम होगा एवं निविदाकार पर बंधनकारी होगा।

10.2 उपरोक्त नियम एवं शर्तो के पालन के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति के निराकरण मध्यस्थ (Arbitrator) के द्वारा किया जावेगा तथा इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या. इन्दौर के अध्यक्ष एकमात्र मध्यस्थ होंगे। जिनका निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षो पर बंधनकारी होगा ।

10.3 किसी भी विवाद हेतु कार्यक्षेत्र इन्दौर रहेगा एवं विवाद सहकारी न्यायालय में निपटाये जायेंगे।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 9001 : 2015 : 2015, 22000 : 2005 & 14001 Certified Organisation
GSTIN - 23AAAJI0016N1ZK
चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स /Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535


## परिशिष्ट -(ब) (Form-A)

## तकनीकी अर्हताए

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कोल्ड स्टोर यूनिट का नाम | |
| 2 | कोल्ड स्टोर यूनिट का पूर्ण पता | |
| 3 | इन्दौर दुग्ध संघ से दूरी (कि.मी.)(एक तरफ से) | |
| 4 | कोल्ड स्टोर यूनिट की क्षमता (मी.टन) | |
| 5 | कोल्ड स्टोर चेम्बर की संख्या (क्षमता अनुसार) | |
| 6 | मोबाईल नम्बर | |
| 7 | ई–मेल आई.डी. | |
| 8 | आधार नम्बर (छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 9 | पेन नम्बर (पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 10 | प्रोप्रायटर / प्रबंधक / पार्टनर का नाम (छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 11 | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का पद एवं नाम (छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 12 | पंजीयन प्रमाणपत्र / लायसेंस का विवरण (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 13 | जी.एस.टी. नंबर (छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 14 | शासन द्वारा शीतग्रह संचालन हेतु अनिवार्य समस्त दस्तावेज एवं अन्य दस्तावेज (छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 15 | FSSAI लायसेंस / रजिस्ट्रेशन नम्बर ( छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 16 | इनकम टैक्स क्लीयरेन्स प्रमाणपत्र (2019-20)(2020-21)(2021-22) ( छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 17 | क्या आपकी कोल्ड स्टोर यूनिट या सहभागी फर्म को इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित /एमपीसीडीएफ या अन्य सहकारी दुग्ध संघ/म. प्र.शासन या भारत शासन द्वारा ब्लैक लिस्टेड नही किया गया है इस सम्बंध मे शपथ पत्र रू. 100/–(नोटरी द्वारा सत्यापित) | |

हस्ताक्षर
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता कोल्ड स्टोर यूनिट
कोल्ड स्टोर की मोहर

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 9001 : 2015 : 2015, 22000 : 2005 & 14001 Certified Organisation
GSTIN - 23AAAJI0016N1ZK
शुद्धता का संकल्प
चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर - 453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, INDORE - 453771 (M.P.)
दूरभाष / Phone : 0731 - 2802535, 2811553, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई-मेल /E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

# परिशिष्ट —स
## दर प्रपत्र

| क्र. | विवरण | दर (प्रति किलो/प्रति माह) | जी.एस.टी राशि | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 25 किलो./20 किलो पैंकिग में श्वेत मक्खन का शीतलीकरण एवं भण्डारण | | | |
| 02 | लोडिंग/ अनलोडिंग दर | | | |
| | कुल योग | | | |

नोट :–1.क. 01 एवं 02 की कुल योग के आधार पर न्युनतम दर (L1) मान्य की जावेगी।

2. हमारे द्वारा निविदा के नियम एवं शर्ते पूरी तरह से पढ़ ली गई है । एवं तदनुसार दरें प्रस्तुत की गई है।

हस्ताक्षर

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता कोल्ड स्टोर यूनिट

कोल्ड स्टोर की मोहर